हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 8 सितंबर 2025

06 मानवता का सबसे बड़ा रूप है, दूसरों का सहारा ...



07 भक्ति भाव से निर्वाण लाडू चढ़ाकर मनाया 12वें तीर्थकर...





## खबर संक्षेप

### सीहोर में रोजगार मेला 9 सितंबर को

**सीहोर।** युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 9 सितंबर को सीहोर स्थित डॉ. अम्बेडकर शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सुबह 11 बजे रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा। इस रोजगार मेले में रोजगार विभाग द्वारा स्थानीय, प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। रोजगार मेले में विभिन्न कंपनियों द्वारा लगभग 700 पदों पर युवाओं की भर्ती की जाएगी। इसके साथ ही जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा स्वरोजगार विभागों के स्वरोजगार प्राप्त हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा एवं नये प्रकरण तैयार किए जाएंगे। मेले में शासकीय आईटीआई द्वारा अप्रेन्टिसशिप के लिए युवाओं का चयन भी किया जाएगा। इच्छुक आवेदक अपने मूल दस्तावेजों के साथ रोजगार मेले में उपस्थित हो सकते हैं।

### आज होगा फिजियोथेरेपी कैंप का आयोजन

**सीहोर।** फिजियोथेरेपी दिवस के अवसर पर 8 सितंबर को सुबह 10 बजे से जिला चिकित्सालय सीहोर के डीईआईसी भवन में फिजियोथेरेपी कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस फिजियोथेरेपी कैंप में जिले के सभी नागरिक शामिल हो सकते हैं और स्वास्थ्य लाभ ले सकते हैं।

### पिछले 24 घंटे में 2.3 मिलीमीटर औसत बारिश दर्ज



**सीहोर।** जिले में बीते 24 घंटे में सुबह 8 बजे तक 2.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केंद्र सीहोर में 0, मिलीमीटर, श्यामपुर में 4, आष्टा में 0, जावर में 9, इछावर में 0, भैरूंदा में 4, बुधनी में 0, रेहटी में 3.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 1 जून से 7 सितम्बर को सुबह 8 बजे तक 934.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 962.5 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से 07 सितम्बर 2025 तक जिले के वर्षामापी केंद्र सीहोर में 847, मिलीमीटर, श्यामपुर में 868, आष्टा में 708, जावर में 690.6, इछावर में 867.3, भैरूंदा में 984, बुधनी में 1308 तथा रेहटी में 1199.8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### अखाड़ों ने दिखाए हैरतअंगेज करबत, मंच लगाकर संगठनों ने किया स्वागत

# अनंत चतुर्दशी: झिलमिल रोशनी के साथ रात भर निकला झांकियों का कारवां

चल समारोह सीहोर की वार्षिक परंपरा है। स्थानीय निवासी पूरे साल इस आयोजन की प्रतीक्षा करते हैं। इस साल भी हजारों लोगों ने रात भर चले इस समारोह का आनंद लिया।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

गणपति बप्पा अगले बरस तू जल्दी की कामना से गणेश भक्तों ने गणेश विसर्जन के लिए अनंत चतुर्दशी पर आकर्षक झांकियों का कारवां निकाला। शनिवार को शाम ढलने के साथ बैंडबाजों के साथ सामूहिक शोभायात्रा में युवा डांडिया और अखाड़ों में हैरतअंगेज प्रदर्शन करते चल रहे थे।

शहर के मुख्य मार्गों से होते रात 11 बजे झांकियों का कारवां शुरू हुआ। झांकियां अखाड़ों और बैंड के साथ तीन जगह से शुरू हुईं। एक कारवां गंज की तरफ से आया। इसके आगे अखाड़ा और पीछे झिलमिलाती झांकियां। दूसरा मुर्दी मुहल्ले की तरफ से आया।

तीसरा भोपाल नाके की ओर से। तीनों कारवां आकर देर रात कोतवाली चौराहा पर मिले। यहां से झिलमिलाती झांकियां एक लाइन में चल पड़ी। जो पान चौराहा, बड़ा बाजार होते हुए लीसा टॉकी चौराहा पहुंची। सारी रात शहरवासी झांकियां निहारते रहे। आसपास के ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में लोग झांकियां देखने पहुंचे। शहर में झांकियों के मार्ग पर पूरी रात मेले जैसा माहौल रहा।





#### कलाकारों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया

चल समारोह सीहोर की वार्षिक परंपरा है। स्थानीय निवासी पूरे साल इस आयोजन की प्रतीक्षा करते हैं। इस वर्ष भी हजारों लोगों ने रात भर चले इस समारोह का आनंद लिया। अखाड़ों के कलाकारों ने अपने कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। उनकी प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

#### आकर्षण का केंद्र रहीं मनमोहक झांकियां

अनंत चतुर्दशी पर कोतवाली से अखाड़ों के साथ झांकियां निकली। झांकियां देखने नगर के लोगों की भीड़ जुटी। रात 11 बजे से झांकियों का चल समारोह शुरू हुआ। अखाड़े के पहलवान तलवार बाजी के साथ करतब दिखा रहे थे। वहीं कलाकारों ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। झांकियों में सीता हरण, कंस के दरबार में श्रीकृष्ण-पहलवानों का मल्लयुद्ध और अन्य प्रसंग की झांकी थी। डीजे के साथ झांकियों का चल समारोह मुख्य मार्गों से गुजरा। देर रात तक लोग झांकियों देखने जमे रहे।

#### रोशनी से नहाए प्रमुख बाजार

शहर के हृदय स्थल बड़ा बजार, लीसा टाकीज चौराहा, विजय टॉकीज चौराहा, कोतवाली चौराहा, पान चौराहा, नमक चौराहा सहित प्रमुख मार्ग आकर्षक रोशनी से जगमगा उठे।

#### चप्पे-चप्पे पर तैनात रहा पुलिस बल

अनंत चतुर्दशी पर कानून व्यवस्था चाक चौबंद रखने के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात था। झांकियों के साथ-साथ जवानों की उपस्थिति रही। शहर के प्रमुख 15 पाइंटों पर जवान तैनात थे।

## अनंत चतुर्दशी की झांकियां नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने किया पुरस्कृत



**सीहोर।** अनंत चतुर्दशी के पावन पर्व पर परंपरागत रूप से निकलने वाली झांकियों का कारवां देर रात से सड़कों पर निकलना शुरू हुआ जो सुबह तक निकलती रही। रात्रि को बारिश की बौछारों के मध्य अखाड़ों के साथ निकल रही इन झांकियों को देखने के लिए दूर-दूर से लोग शहर के मेन रोड पर पहुंचे। जहां लोग अपनी व्यवस्थाओं के साथ सड़क किनारे झांकियों को निहारने के लिए परिवार के साथ खड़े नजर आए। शहर के लीसा टाकीज चौराहे पर हर साल की तरह इस साल भी नगर पालिका के द्वारा भव्य मंच बनाकर प्रत्येक झांकी और अखाड़ों को प्रोत्साहन राशि के अलावा शील्ड देकर सम्मान किया। इस मौके पर प्रथम स्थान आदर्श बाल मंडल पुराना बस स्टैंड की झांकी ने प्राप्त किया। झांकी के कलाकारों ने नौ देवियों की सुंदर झांकी बनाई थी, इसके अलावा दूसरे स्थान पर श्रीराम भक्त हनुमान मंडल की कृष्ण लीला और तीसरे स्थान पर राजू भदौरिया के द्वारा भगवान खाटू श्याम की झांकी ने स्थान प्राप्त किया अलावा अन्य झांकियां भी आकर्षण का केन्द्र री।

अनंत चतुर्दशी पर यह नजारा देख हर कोई खुश नजर आ रहा था। नगर पालिका के अध्यक्ष प्रिंस राठौर की पहल के कारण इस साल भी एक दर्जन अखाड़ों के कलाकारों ने अपने करतब दिखाए। वहीं अनेक झिलमिलाती झांकियों से सीहोर की वर्षों पुरानी परंपरा जीवंत हो उठी। क्षेत्र के लोगों ने चल समारोह में रात भर भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने अखाड़े और झांकियों के प्रदर्शन को देखा सुबह सात बजे तक झांकी लीसा टाकीज चौराहे पर पहुंची।

शहर के लीसा टॉकिज पर नगर पालिका द्वारा भव्य मंच बनाया गया था। जहां पर नगर पालिका के अध्यक्ष राठौर सहित सभी पार्षदों और क्षेत्रवासियों ने झांकियों के साथ चल रहे अखाड़ों के उस्तादों को मंच पर बुलाकर सम्मान के साथ आर्थिक रूप से पुरस्कृत किया। अध्यक्ष ने पुरस्कार के रूप में झांकियों का निर्माण करने वाले और अखाडों को नगद राशि प्रदान की। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर की घोषणा और उत्साहवर्धन का नतीजा था कि लगातार चौथी बार शहर में अनंत चतुर्दशी का माहौल था। इस मौके पर नपाध्यक्ष राठौर ने सभी अखाड़ों को प्रोत्साहन राशि प्रदान की थी।

## चंद्र ग्रहण पर मंदिरों के पट बंद: रोज की भीड़ वाली जगहों पर सन्नाटा ज्योतिष ने बताए राशियों पर प्रभाव



**सीहोर।** रविवार को चंद्र ग्रहण के कारण मंदिरों के पट बंद रहे। जहां रोजाना श्रद्धालुओं की भीड़ रहती थी, वहां सन्नाटा पसरा रहा।

ज्योतिष पद्म भूषण स्वर्ण पदक प्राप्त ज्योतिषाचार्य डॉ पंडित गणेश शर्मा ने बताया कि पितृ पक्ष की शुरुआत पूर्णिमा तिथि से हो रही है। यह वर्ष का अंतिम चंद्र ग्रहण है, जो भारत में दिखाई देगा। चंद्र ग्रहण तब होता है जब सूर्य और चंद्रमा के बीच पृथ्वी आ जाती है। इससे सूर्य की रोशनी चंद्रमा तक नहीं पहुंच पाती और धरती की छाया चंद्रमा पर पड़ती है। यह एक पूर्ण चंद्र ग्रहण होगा।

ग्रहण का प्रभाव पूजा-पाठ और अन्य शुभ कार्यों पर पड़ेगा। इस दौरान धार्मिक यात्रा और खरीदारी से बचना चाहिए। यह ग्रहण भारत के अलावा एशिया, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, अफ्रीका और अमेरिका में भी दिखाई देगा। पंडित शर्मा के अनुसार, यह ग्रहण कुंभ राशि शतभिषा नक्षत्र में होगा। कुंभ राशि वालों को ग्रहण नहीं देखना चाहिए। मेष, वृषभ, कन्या और धनु राशि वालों के लिए यह ग्रहण शुभ फलदायी रहेगा।

## कलेक्टर-एसपी ने विसर्जन घाट का लिया जायजा



### विसर्जन के बाद घाटों की सफाई के दिए निर्देश

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरु के. तथा एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने अनंत चतुर्दशी चल समारोह एवं श्री गणेश प्रतिमा विसर्जन स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रतिमाओं के विसर्जन में सुरक्षा का पूरा ध्यान रखें। उन्होंने साफ-सफाई, रोशनी और तैराक दल की समुचित व्यवस्था के निर्देश दिए थे। उन्होंने विसर्जन के पश्चात घाटों की तुरंत सफाई करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने यातायात व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था का भी निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीम तन्मय वर्मा सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

# सड़क हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**भैरूदा।** नगर के इंदौर मार्ग पर शिवहरे पेट्रोल पंप के पास शनिवार की रात हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। युवक रात को बाइक से घर की ओर जा रहा था। तभी सड़क दुर्घटना में घायल होने पर भोपाल रेफर किया गया था उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने बताया शनिवार देर शाम मनोज धनवारे निवासी धोलपुर बाइक से घर की ओर जा रहा था। तभी इन्दौर मार्ग नगर के शिवहरे पेट्रोल पंप के सामने से आए अज्ञात वाहन से उसकी बाइक की टक्कर हो गई, इससे वह गंभीर घायल हो गया। जिसकी सूचना मिलने पर परिजन



व रिश्तेदार मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल युवक को लेकर सिविल अस्पताल पहुंचे। अस्पताल में डॉक्टर ने उपचार के बाद भोपाल रेफर कर दिया। जहां युवक ने दम तोड दिया। थाना प्रभारी घनश्याम सिंह दांगी ने बताया कि शनिवार रात को सड़क दुर्घटना की जानकारी प्राप्त हुई थी। युवक की पहचान मनोज धनवारे निवासी धोलपुर गोपालपुर थाना अंतर्गत हुई। जिसकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। मर्ग क़ायम कर जांच शुरू की गई है, जांच के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

### परिजनों का रो रोकर हुआ बुरा हाल

सड़क दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। उपचार के लिए भोपाल अस्पताल में रैफर किया था, उपचार के दौरान युवक मृत्यु हो गई। जिसकी सूचना परिजनों,रिश्तेदारों को मिलते ही सभी का रो रोकर बुरा हाल है तो वहीं युवक का शव देख फूटफूट, मां, भाई, बहन रोते बिलखती रहे।

### फर्जी समिति से मत्स्य पालन का खुलासा, मछुआरा समाज का हक छीना

# राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य बोले मछुआरों को दिलाएंगे उनका हक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले के आष्टा नगर में भोपाल के चर्चित सारिक मछली परिवार कांड की तर्ज पर बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। यहां तालाबों पर फर्जी समिति बनाकर अवैध मत्स्य पालन कराया जा रहा था। शिकायत मिलने के बाद जांच में यह खुलासा हुआ कि समिति का पंजीयन ही फर्जी था और असली हकदार अनुसूचित जाति-जनजाति के मछुआरे वंचित रह गए।

इस मामले को गंभीरता से लेते हुए राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो स्वयं आष्टा पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक कर चेतावनी दी कि इस फर्जी समिति को तुरंत समाप्त किया जाए और मछुआरों को उनका हक वापस



दिलाया जाए। कानूनगो ने कहा कि यह सिर्फ मछली पालन का मामला नहीं बल्कि सामाजिक न्याय और वंशानुगत अधिकारों से जुड़ा मुद्दा है।

**अधिकारियों की मिलीभगत पर सवाल :** जांच में सामने आया कि विभागीय अधिकारियों की सांठगांठ से यह खेल वर्षों से चल रहा था। सहकारिता विभाग की सूची में जिन 19 हिंदू मछुआरों के नाम दर्ज थे, उन्हें बाद में काट दिया गया और फर्जी समिति के नाम पर तालाबों का ठेका दिया गया। आयोग ने अधिकारियों से स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे तय समय सीमा में पूरी जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करें और दोषियों पर कार्रवाई सुनिश्चित करें।

#### मछुआरा समाज में आक्रोश

इस खुलासे के बाद आष्टा के मछुआरा समाज और हिंदूवादी संगठनों में भारी आक्रोश है। बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष आयोग के सदस्य से मिलने पहुँचे और अपनी पीड़ा रखी। सभी ने स्वागत करते हुए मांग की कि उनका वंशानुगत अधिकार उन्हें लौटाया जाए। इस मामले में एसडीएम नितिन टाले का कहना है कि तालाबों पर असली हकदार मछुआरों को मत्स्य पालन का अवसर दिया जाएगा और दोषी सिंडिकेट पर शिकंजा कसा जाएगा।

## पार्वती नदी में बहे सपेरे की लाश मिली

# तीन दिन पहले बोरखेड़ा में बहा था शाजापुर के गाडराखेड़ी में मिला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

आष्टा के बोरखेड़ा गांव में तीन दिन पहले पार्वती नदी में बहे युवक का शव रविवार को शाजापुर जिले के गाडराखेड़ी में मिल गया। युवक बाइक समेत नदी के तेज बहाव में बह गया था।

क्षेत्र में पिछले चार-पांच दिनों से हो रही तेज बारिश के कारण पार्वती नदी में बाढ़ आई हुई थी। आष्टा से 18 किलोमीटर दूर बोरखेड़ा गांव में पार्वती नदी पर बने रपटे पर बाढ़ का पानी था। मना करने के बावजूद युवक रपटा पार करने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान वह तेज बहाव में बह गया।

उसका साथी बचकर निकल आया। पिछले तीन दिनों से दो जिलों के गोताखोर और टीमें युवक



की तलाश में जुटी थीं। शुक्रवार और शनिवार को भी लगातार तलाशी अभियान चला। रविवार सुबह शाजापुर जिले के तिलावत पुलिस चौकी क्षेत्र में पार्वती नदी के किनारे शव मिला। आष्टा एसडीओपी आकाश अमलकर ने इस घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि पानी का बहाव कम होने के बाद शव मिल गया।

**खबर संक्षेप**

## समग्र पोर्टल में आधार ई-केवाईसी अनिवार्य

**सीहोर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं में समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी अनिवार्य कर दिया गया है। अब किसी भी हितग्राही को विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए समग्र पोर्टल पर स्वयं का आधार ई-केवायसी करना होगा। समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी के बाद ही विभागीय पोर्टल पर आवेदन दर्ज हो सकेगा। जिन योजनाओं में ऑनलाइन प्रणाली नहीं है, उनमें आवेदन को स्वीकृत करने से पहले संबंधित स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी की पुष्टि की जायेगी। पुष्टि के बाद ही नियमानुसार स्वीकृति प्रदान की जायेगी। विभाग की सभी योजनाओं में आधार ई-केवायसी अनिवार्य करने, बैंक खाता आधार लिंक और डीबीटी सक्रिय कराने के निर्देश दिये है।विभाग द्वारा संचालित सभी पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का भी आधार ई-केवायसी सुनिश्चित करें। हितग्राहियों तक ई-केवायसी सुविधा पहुँचाने के लिए समग्र सामाजिक सुरक्षा अधिकारी अपने क्षेत्र में संचालित सेवा प्रदाता एजेंसी और जिला/ सहायक ई-गवर्नेंस प्रबंधकों से समन्वय कर ग्राम पंचायत या वार्ड स्तर पर शिविर लगा कर अधिक से अधिक हितग्राहियों का आधार ई-केवायसी सुनिश्चित करें।

### आंखों में आंसू लिए सड़कों पर गुर्जर बसर करने को मजबूर

# गौशाला के नाम पर लाखों के वारे न्यारे, दलदल में फंसकर बेजुबानों को पीने का पानी हो रहा नसीब

गौ शाला में गोवंश की हालत बहुत ही ख़राब स्थिति में है। जहां प्रांगण कीचड़ में तब्दील हो रहा है। जिसमें छोटे बछड़े दल दल में फंस रहे हैं, पीने पानी के लिए कीचड़ से होकर पहुंच रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



बरसात के मौसम में शहर से लेकर गांव की सड़कों पर सैकड़ों की संख्या में गौवंश घूमने को मजबूत हैं। शासन प्रशासन ने लाखों, करोड़ों रुपए से शालाओं का निर्माण तो कर दिया। लेकिन गोवंश को सुविधाएं नहीं मिल सकी। गौ शालाओं में लोगों ने गौवंश छोड़ तो गए हैं। लेकिन वहां इनका कितना ख्याल रखा जा रहा है। आप इनकी हालत देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है, खुले आसमान के नीचे जब खड़ी गाय कितनी परेशानियों का सामना कर रही हैं। ठीक से चारा, बाटा ना मिलने की वजह से इनकी हड्डिया बाहर निकलने लगी हैं।

ऐसा ही मामला छीपानेर की गौशाला का है। जहां समिति के द्वारा गौशाला के नाम से रेत के वाहनों से रशीद काट कर हर महीने लाखों रुपए वसूली की जा रहे हैं। लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बया कर रही हैं। गौ शाला में गोवंश की हालत बहुत ही ख़राब स्थिति में है। जहां प्रांगण कीचड़ में तब्दील हो रहा है। जिसमें छोटे बछड़े दल दल में फंस रहे हैं, पीने पानी के लिए कीचड़ से होकर पहुंच रहे हैं। तो वहीं खाने के लिए चारा बाटे का इंतजाम भी नहीं है। जिससे उनकी हालत बहुत नाजुक हो गई है। परेशानियों उठानी पड़ रही है,आखिरकार लाखों रुपयों की राशि का जा रही है। गौशाला में न कोई व्यवस्था की न ही गौवंश के लिए सुविधाए उपलब्ध कराई गई।

### दर-दर भटक रहीं गौवंश, सुरक्षित आश्रय की दरकार, आंखों में आंसू लिए सड़कों पर गुर्जर बसर करने को मजबूर

बारिश के मौसम में शहर की सड़को पर सैकड़ों गोवंश दर दर भटकने को मजबूत हैं तो वहीं उनकी आंखों से आंसू टपक रहे हैं। खुले आसमान के नीचे सड़कों के बीचों बीच बैठकर रात दिन गुजर बसर करने को मजबूर हैं। आख़िर इन्हें सुरक्षित स्थान कब तक मिलेगा। वहीं सड़कों पर घूमते हुए गौवंश दुर्घटना का शिकार हो रही है, लेकिन जिम्मेदार मौन बने हुए बैठे हैं।



## डायल 112 करने पर लोगों को मिलेंगी कई आपातकालीन सुविधाएं




हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

तहसील के दो थानों को मिली तीन डायल 112 गाड़िया। थाना भैरूंदा को 2 ओर गोपालपुर थाना को एक 112 डायल गाड़ी मिली। इस अवसर पर पुलिस प्रशासन ने गाड़ियों की विधिवत पूजा अर्चना की। पुलिस प्रशासन के अनुसार अब 112 डायल करने पर लोगों को एक नहीं बल्कि अनेक प्रकार की आपातकालीन सुविधाएं मिलेंगी।जीपीएस ट्रैकर की मदद से तत्काल लोगों तक पहुंची। वहीं गाड़ी पूर्ण रूप से डिजिटल लेश है। इमरजेंसी नंबर-112 पुलिस आपातकालीन सेवा (112), स्वास्थ्य/ एम्बुलेंस सेवा अग्निशमन सेवा सहित अन्य जैसी सुविधाएं प्रदान करेंगी।

## स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

**सीहोर।** वर्षा ऋतु में होने वाली जलजनित बीमारियों के दृष्टिगत स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और दूषित जल से होने वाले रोगों से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियाँ अपनाएँ। स्वास्थ्य विभाग द्वारा शुद्ध जल का उपयोग करने एवं जलजनित रोगों से सुरक्षा के लिए सलाह दी गई है। दूषित पानी के सेवन से उल्टी-दस्त, पेचिश, हैजा, पीलिया और टाइफाइड जैसी गंभीर बीमारियाँ होने की संभावना बढ़ जाती है। एडवाइजरी में कहा गया है कि रोगों से बचने के लिए सावधानियाँ और सुरक्षा उपाय अपनाकर स्वयं एवं परिवार को सुरक्षित करें। स्वास्थ्य विभाग एडवाइजरी में कहा है कि खानपान के लिए सदैव स्वच्छ एवं सुरक्षित उबला अथवा फिल्टर जल का प्रयोग करें।

## मानवता का सबसे बड़ा रूप है, दूसरों का सहारा बनना: कथा वाचक प्रदीप मिश्रा





**सीहोर।** दूसरों के दुखों को समझना और उनके प्रति दया का भाव रखना ही मानवता का मूल है। निःस्वार्थ भाव से दूसरों की मदद करना और उनके दुख-दर्द को कम करने के लिए कार्य करना। मानवता अपने आप में एक ऐसा धर्म है जो लोगों को बेहतर बनने, नैतिकता और प्रेम का मार्ग अपनाने के लिए प्रेरित करता है। भगवान पर विश्वास करने वाला कभी निर्धन नहीं हो सकता है, सबसे बड़ा धन हमारा संतोष और संतुष्टि है। जिसके बल पर हम किसी भी परस्थितियों में अपना जीवन बसर कर सकते है। उक्त विचार शहर के बड़ा बाजार स्थित अग्रवाल धर्मशाला में लगातार 26 सालों से अग्रवाल महिला मंडल के तत्वाधान में जारी सात दिवसीय शिवमय भागवत कथा के विराम दिवस पर अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे। रविवार को सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और कथा सुबह आठ बजे से 11 बजे तक जारी रही, इसके पश्चात कथा का श्रवण करने वालों को विठलेश सेवा समिति की नगर इकाई के द्वारा भोजन-प्रसादी का वितरण किया गया।

उन्होंने कहाकि भगवान का भजन करने वाला, जाप करने वाला कभी निर्धन नहीं हो सकता, सुदामा तो भगवान के मित्र थे, यदि संत नहीं बन सकते तो संतोषी बन जाओ। संतोष सबसे बड़ा धन है। सुदामा की मित्रता भगवान के साथ निस्वार्थ थी। उन्होंने कभी उनसे सुख, साधन या आर्थिक लाभ प्राप्त करने की कामना नहीं की, लेकिन सुदामा की पत्नी द्वारा पोटली में भेजे गए चावलों में भगवान श्रीकृष्ण से सारी हकीकत कह दी और प्रभु ने बिन मांगे ही सुदामा को सब कुछ प्रदान कर दिया।

भगवान पर विश्वास और भरोसा मजबूत होना चाहिए। जिस प्रकार माता रुकमणी को अपने कृष्ण पर विश्वास था कि वह आएंगे और उनके मित्र सुदामा को आस्था थी कि मैं भगवान का ध्यान और मनन करता रहूंगा तो मेरे परिवार को वैभव प्राप्त होगा। ईश्वर पर आस्था रखना चाहिए जो भी भक्त ईश्वर पर आस्था और विश्वास करता है उसकी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। निर्धन होने के पश्चात भी भगवान कृष्ण से मिलने से पहले वह भगवान को एक मुट्ठी चावल देने गया था, लेकिन भगवान ने उसकी सभी मनोकामनाएं बिना मांग के पूरी कर दी।

**अग्रवाल महिला मंडल ने किया आभार व्यक्त :** भागवत कथा के विराम दिवस के मौके पर अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष रुकमणी रोहिला ने लगातार 26 सालों से जारी कथा में सहयोग करने वाले सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहाकि रविवार को समापन हुई इस दिव्य और भव्य आयोजन में विधायक सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, जिला प्रशासन, विठलेश सेवा समिति की नगर इकाई और महिला मंडलों के अलावा सभी क्षेत्रवासियों ने सहयोग किया था। जिसके कारण कथा का लाभ जन-जन तक पहुंचा है।

## संकल्प वृद्धाश्रम में 16 दिनों तक जारी रहेगी धर्मसभा, पितृ पक्ष में पितरों के पूजन



**सीहोर।** पितृ पक्ष में पितरों के पूजन और उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करने की परंपरा है, वहीं वृद्धाश्रम में बढ़ती बुजुर्गों की संख्या बताती है कि जीते जी उनका तिरस्कार उनके बच्चे ही कर रहे हैं, लेकिन क्षेत्रवासी नियमित रूप से इन वृद्धजनों की सेवा करते है। शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धाश्रम में वर्तमान में दो दर्जन वृद्धजन निवासरत है। श्रद्धा भक्ति सेवा समिति और क्षेत्रवासियों के सहयोग से यहां पर प्रतिदिन भजन-कीर्तन के अलावा अनेक आयोजन किए जाते है, जिससे इन वृद्धों को यहां पर खुशहाल जीवन का आनंद आता है। रविवार को वृद्धाश्रम में पितृपक्ष की पूर्णिमा पर हवन और भजन के साथ भोजन का वितरण किया गया। यहां पर इन वृद्धों की सेवा करने के लिए सोलह श्राद्ध पर लोगों ने बुकिंग की है। इस मौके पर केन्द्र के संचालक राहुल सिंह, समिति की ओर से मनोज दीक्षित मामा, धर्मेन्द्र माहेश्वरी आदि पहुंचे।

समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि जिला संस्कार मंच और श्रद्धा भक्ति सेवा समिति की ओर से 16 दिनों तक धर्मसभा का आयोजन किया जाएगा। इसमें भागवत कथा, शिव कथा और रामकथा का आयोजन के अलावा प्रसादी का वितरण किया जाएगा। श्राद्ध पक्ष में वृद्धाश्रम में खीर-पूडी का वितरण करना एक पुण्य कार्य है जो पितरों के प्रति आदर और श्रद्धा दर्शाता है, क्योंकि इस समय खीर-पूरी को पितरों को प्रसन्न करने और खुशहाली का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए उपयुक्त माना जाता है। यह भोजन वितरण समाज के बुजुर्गों के प्रति सम्मान व्यक्त करने और पितृ पक्ष की भावना को सार्थक करने का एक तरीका है।

**श्रद्धापूर्वक नमन करने की परंपरा :** पितृ पक्ष में पितरों के पूजन और उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करने की परंपरा है, वहीं वृद्धाश्रम में बढ़ती बुजुर्गों की संख्या बताती है कि जीते जी उनका तिरस्कार उनके बच्चे ही कर रहे हैं। बच्चों ने मां-बाप को घरों से बाहर निकाल दिया। वर्षों तक माता-पिता ने मजदूरी करके जिन बच्चों को बड़ा किया, आज वही बच्चे दो वक्त की रोटी अपने माता-पिता को नहीं दे रहे हैं।

## 121 उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारी हुए सम्मानित



**सीहोर।**शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षा विभाग में रचनात्मक योगदान देने वाले कर्मचारियों को प्रान्तीय शिक्षक संघ जिला सीहोर द्वारा सम्मानित किया गया। ।सम्मान हेतु कुल 583 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें सीहोर ब्लॉक से 285,इछावर ब्लॉक से 96,भैरुंदा ब्लॉक से 91,आष्टा ब्लॉक से 72,बुधनी ब्लॉक से 39 आवेदन प्राप्त हुए।जिला स्तरीय सम्मान समारोह के लिए शिक्षा विभाग के शिक्षक, नवीन शिक्षक संवर्ग, सहायक शिक्षक, लिपिक, भृत्य से कुल 121 कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। शिक्षक सम्मान समारोह आवासीय विद्यालय के सभागार में अतिथिगण नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर, जिला परियोजना समन्वयक आरआर उइके, विकासखण्ड शिक्षण अधिकारी सीहोर दीपा कीर, बी.आर.सी.सी सीहोर अशोक वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। अतिथियों का स्वागत कार्यकारी महासचिव सतीश त्यागी , जिला अध्यक्ष संजय सक्सेना, प्रदीप नागिया,बलराम पंवार,राजेंद्र परमार,हेमन्त मालवीय, दिनेश मेवाड़ा, महेश मालवीय, अर्जुन सिंह, जय सिंह,नरेश मेवाड़ा,नरेश सवासिया, देवराज सोनी,अमिता आहूजा ने किया।इस अवसर पर अतिथि के रूप में मौजूद पालिका अध्यक्ष विकास राठौर प्रिंस ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरु अपने समर्पण और ज्ञान के माध्यम से शिष्यों के जीवन को आकार देते हैं। शिक्षा ही जीवन को आकार देती है। मानव जीवन को सार्थक बनाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान है। जिला परियोजना समन्वयक आर.आर. उइके ने उद्बोधन में कहा कि प्रांतीय शिक्षक संघ की यह पहल निश्चित रूप से सराहनीय है। शिक्षक ही राष्ट्रनिर्माता है। शिक्षकों के लिए ऐसे सम्मान समारोह जरूरी है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी दीपा कीर ने सभी सम्मानित शिक्षकों बधाई दी एवम इसी समर्पण भाव से कार्य करने को कहा। अवासीय खेलकूद संस्थान के प्राचार्य आलोक शर्मा ने कहा कि प्रांतीय शिक्षक संघ शिक्षकों के अधिकार के साथ कर्त्तव्य एवम सामाजिक सेवा के कार्य करते हैं। आभार संजय सक्सेना ने एवम कार्यक्रम का संचालन प्रदीप नागिया ने किया।

## तरुण पुष्प हासे स्कूल में मनाया शिक्षक दिवस



**भैरूंदा।** शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर तरुण पुष्प हायर सेकेंडरी स्कूल में भव्य एवं गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने आयोजन का संपूर्ण प्रबंधन स्वयं संभालकर अपनी रचनात्मकता, अनुशासन एवं शिक्षकों के प्रति सम्मान का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। इसके उपरांत विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, प्रेरणादायक भाषण, नाटक और गीतों के माध्यम से शिक्षकों के प्रति अपना आभार प्रकट किया। इस अवसर पर शिक्षकों के लिए विशेष रूप से विभिन्न मनोरंजक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों द्वारा शिक्षकों को उपहार, प्रशंसा-पत्र और फूल भेंट कर उनका सम्मान किया गया। संस्था द्वारा सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था के संचालक आर. बी. मालवीय जी ने सभी शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहाः "बच्चों का उज्ज्वल भविष्य शिक्षक की प्रेरणा, मेहनत और समर्पण से ही बनता है। सभी शिक्षक अपने सकारात्मक दृष्टिकोण, नैतिक मूल्यों एवं आत्मिक लगन से कार्य करें और अपनी सम्पूर्ण क्षमता का सदुपयोग करते हुए सतत प्रगति की ओर अग्रसर रहें।" कार्यक्रम का सबसे विशेष क्षण वह था जब छात्रों ने अपने शिक्षकों के प्रति श्रद्धा और स्नेह व्यक्त करते हुए यह संकल्प लिया कि वे सदैव अपने गुरुजनों की आज्ञा का पालन करेंगे, जीवन में सकारात्मक सोच रखेंगे और समाज में एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में योगदान देंगे।

### अनन्त चतुर्दशी पर विशेष अभिषेक शांति धारा पूजा-अर्चना प्रवचन

# क्षमा रूपी भूमि से यह दशलक्षण धर्मरुपी वृक्ष प्रकट हुआ हैः मुनिश्री अक्षय सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



ब्रह्म का अर्थ आत्मा है जो शुद्ध बुद्ध शाश्वत है। उसमें चर्य, चर्या, चरण, परिणमन, लीनता, इत्यादि करना या एक ही शब्द में के कहना है तो आत्ममयता, आत्मस्थता इसे ही ब्रह्मचर्य कहते हैं। ब्रह्मचर्य को जीव का श्रंगार और गुणों का हार कहा जाता है। शीलव्रत के धारी ही मोक्ष के पात्र बनते हैं।

उक्त अमृत वाणी मुनिश्री अक्षय सागर जी महाराज ने श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में धर्म सभा के दौरान दशलक्षण धर्म के दसवें धर्म 'उत्तम ब्रह्मचर्य ' धर्म पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए श्रावक श्राविकाओ को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार से दस दिन आत्मा के ये दश धर्म जीव की प्रवृत्ति को आत्माभिमुख कराती है। इसी कारण से आत्मा शुद्ध बनती है। क्षमा रुपी भूमि से यह दशलक्षण धर्मरुपी वृक्ष प्रकट हुआ है। क्षमा पृथ्वी तत्व है। सबका बोझ सहती है इसलिए उसे सहिष्णु, सहन करने वाली कहा है।इस कारण भूमि को पृथ्वी को क्षमा की उपमा दी है। शौच धर्म जिसकी जड़ें, सत्यरुपी स्कन्ध, , आर्जव रुपी शाखाओं में फैला है । मार्दव भावरुपी कोमल -कोमल पल्लवों से वह शोभायमान है। संयम रुपी हरे भरे सुंदर पत्तों से वह भरा है। तप उसका मनमोहक फूल है। त्याग की सुगंधी से दसों दिशाएं महकती है। जो आकिंचन धर्म रुपी मंजरी से युक्त है। ब्रह्मचर्य उसकी माला एवं शीतल छाया है, इसलिए अहिंसा रुपी बाढ़ से एवं शीलरुपी पानी से उसका संरक्षण होता है। ऐसा धर्मरुपी वृक्ष अत्यंत शान्ति प्रदान करने वाला है। स्वर्ग -मोक्ष के यात्री ऐसे वृक्ष का आश्रय लेकर सुख का अनुभव कर करते हैं। तत्पश्चात मुनिश्री ऐलक श्री आहार चर्या विधी विधान से श्रावक श्राविकाओ ने संपन्न कर धर्म लाभ अर्जित किया। प्रातः मुनिश्री अक्षय सागर जी महाराज के सानिध्य तीर्थंकर महावीर भगवान कि प्रतिमा के अभिषेक ऐलक श्री उपशम सागर जी महाराज के मुखारविंद अखंड शांति धारा नित्य नियम पूजा अर्चना धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कर धर्म लाभ अर्जित किया।

दोपहर में अनन्त चतुर्दशी पावन पर्व पर मुनिश्री अक्षय सागर महाराज के सानिध्य में विशेष तीर्थंकर भगवान की प्रतिमा के अभिषेक, शांति धारा , नित्य नियम पूजा अर्चना धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कर। श्रधदालुओ ने धर्म लाभ अर्जित किया। संध्या को गुरु भक्ति संगीत मय महाआरती पंडित राजेश जैन ने शास्त्र ग्रन्थ वाचन किया। तत्पश्चात महिला मंडल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर बैठक संपन्न, राजेश पटेल का हुआ स्वागत



**भैरूंदा।** रविवार को ब्लाक कांग्रेस कमेटी लाड़कुई द्वारा मंडलम अध्यक्ष,सेक्टर अध्यक्ष ओर बी.एल.ए. की बैठक मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर ग्राम लोदड़ी में संपन्न हुई। मतदाता सूची पुनरीक्षण के विधान सभा प्रभारी राजेश पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि समस्त कांग्रेस के नेतागण व बी.एल. ए. सब मिलकर लोकतंत्र बचाने की इस मुहिम में साथ आकर काम करेंगे। जब तक मतदाता सूची शुद्ध ओर सही नहीं होगी,तब तक हम निष्पक्ष निर्वाचन की उम्मीद नहीं कर सकते।

ब्लॉक कांग्रेस लाड़कुई की बैठक में प्रथम वार नवनियुक्त प्रभारी के उपस्थित होने पर राजेश पटेल का कार्यकर्ताओं द्वारा साफा बांधकर सम्मान किया गया। बैठक को युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संजय पटेल, आरजीपीआरएसके जिला अध्यक्ष मुकेश पंवार,भारत यात्री अजय पटेल ने संबोधित किया। मंडलम कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नारायण पंवार,सत्यनारायण पटेल,मुकेश शर्मा,गंगाराम मालवीय के मंडलम मतदाता सूची पुनरीक्षण की समीक्षा कर आगामी कार्य की योजना बनाई गई। बैठक का संचालन युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव राजकुमार पटेल ने किया व आभार ब्लाक कांग्रेस कमेटी लाड़कुई के अध्यक्ष चंदर मीणा ने व्यक्त किया।

## तीन भगवानों का किया मस्तकाभिषेक, सामूहिक ध्यान व आध्यात्मिक यात्रा भाव से हुई वंदना

# भक्ति भाव से निर्वाण लाडू चढ़ाकर मनाया 12वें तीर्थंकर का मोक्ष कल्याणक महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

जैन धर्म पर्वाधिराज पर्युषण पर्व दसलक्षण धर्म के दसवें उत्तम ब्रह्मचर्य दिवस एवं बारहवे तीर्थंकर 1008 श्री वासुपुज्य भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव के दिन ब्यावरा दिगंबर जैन समाज अध्यक्ष राजीव जैन ने बताया कि इस सुअवसर पर तीन भगवानों का मस्तकाभिषेक किया गया। 12वें तीर्थंकर 1008 श्री वासुपूज्य भगवान का सौधर्म इंद्र बन भगवान अभिषेक, शांति धारा, आरती एवं निर्माण लाडु चढ़ाने का सौभाग्य दीप कमल शर्मा, डॉ नमिता जैन, अग्रिया, अग्रज और परिवार को प्राप्त हुआ। साथ ही 1008 श्री आदिनाथ भगवान के महामस्तक अभिषेक एवं शांतिधारा सौभाग्य महेंद्र जैन एवं पीयूष जैन सपरिवार को प्राप्त हुआ एवं नित्य पूजित मूल नायक भगवान 1008 श्री पार्श्वनाथ भगवान का अभिषेक और शांतिधारा का सौभाग्य कांतादेवी गोधा, राजेश जैन, राजीव, प्रणव, प्रशांत, दिव्य जैन सुषमा जैन, डिम्पल जैन अदिति जैन जैन सपरिवार को मिला।

ब्रह्मचारी भैया श्री भागचंद बड़ा मल्हारा द्वारा अतिशाकारी मंत्रोच्चार द्वारा अभिषेक शांत धारा के बाद भगवान के मोक्ष कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में सामूहिक ध्यान और भगवान की निर्वाण भूमि श्री चम्पापुर झारखंड की आध्यात्मिक यात्रा भाव वंदना करवाई।

### दोपहर में नगर में निकाली गई श्रीजी की जल यात्रा

दस लक्षणधर्म के उत्तम आकिंचनधर्म के नवमे दिवस ब्रह्मचारी भैय्या जी द्वारा रात्रि में शास्त्र प्रचालन की हाकिचन का शाब्दिक अर्थ 'किंचित मात्र भी मेरा नहीं है' होता है। भैय्या ने बताया कि दसधर्मों का सार उत्तम आकिंचनधर्म धर्म है। जब व्यक्ति मैं के अहंकार से दूर होकर एकत्व भावना भाता हुआ संपूर्ण सांसारिक बंधनों से मुक्त हो कर शरीर और आत्मा के भेद को भी पहचान लेता है। और यह श्रद्धान कर लेता है कि मैं यह शरीर नहीं हूँ मात्र जीव आत्मा हूँ तब आत्मा में उत्तम आकिंचन धर्म उत्पन्न हो जाता है और आत्मा ब्रह्मचर्य की ओर अग्रसर होते हुए सम्यक्त दर्शन ज्ञान चारित्र को धारण कर मोक्ष मार्ग पर बढ़ जाता है जो आकिंचन धर्म को धारण करती है वही भव्यात्मा परम शुक्ल ध्यान में लीन हो केवल ज्ञान को पाकर मोक्ष को प्राप्त करती है। मंदिर में वरिष्ठ गणों में राजेन्द्र कुमार जैन, विजय कुमार जैन, महा मंत्री विनय कुमार जैन, शिखर चंद मित्तल, नरेन्द्र कुमार मित्तल, रमेश चंद्र मित्तल, रविंद्र जैन, सचिन जैन, मनीष जैन, प्रमित जैन, ऋषभ जैन, मयंक जैन, अंकित जैन, महिलाओं में मनीषा जैन, रत्नमणि, मुक्ता जैन, शोभा जैन, मीना जैन, डिम्पल जैन नीरु जैन अनीता जैन एकता जैन, राखी जैन सहित सभी महिला एवं पुरुष एवं बच्चे उपस्थित रहे।

मंत्री टेटवाल के जन्मदिवस पर मिली सौगात

## मिशन त्रिनेत्रम के अंतर्गत सारंगपुर में 111 सीसीटीवी कैमरे किए स्थापित



हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

राज्य मंत्री गौतम टेटवाल के जन्मदिवस के अवसर पर शुक्रवार को थाना सारंगपुर में मिशन त्रिनेत्रम के तहत अत्याधुनिक सीसीटीवी सर्विलांस सिस्टम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर राजगढ़ कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा,पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी, एसडीएम रोहित बम्होरे, एसडीओपी अरविंद सिंह थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा, सीएमओ ज्योति सुनेरे सारंगपुर आदि मौजूद उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि सारंगपुर शहर में कुल 111 सीसीटीवी कैमरे 36 स्थानों पर स्थापित किए गए हैं। प्रत्येक कैमरा 8 मेगापिक्सल क्षमता का है और वैरिफोकल एवं पीटीजेड तकनीक से सुसज्जित है। इन कैमरों में एआई आधारित स्मार्ट टेक्नोलॉजी भी उपलब्ध है, जिससे किसी भी वाहन का नंबर प्लेट आसानी से पढ़ा जा सकेगा। इस अत्याधुनिक निगरानी प्रणाली से अपराधों की जांच में आसानी होगी, यातायात प्रबंधन को सुचारु बनाया जा सकेगा तथा शहर की स्वच्छता व्यवस्था को भी अधिक प्रभावी रूप से लागू किया जा सकेगा।

इस अवसर पर मंत्री गौतम टेटवाल ने कहा कि यह आधुनिक निगरानी तंत्र सारंगपुर की जनता के लिए उनका जन्मदिवस उपहार है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस प्रणाली से सारंगपुर को और अधिक सुरक्षित तथा व्यवस्थित शहर के रूप में विकसित करने में मदद मिलेगी।

### सामुदायिक भवन निर्माण स्थल से लोहे की प्लेट और केबल चोरी

**नरसिंहगढ़।** सरकारी सामुदायिक भवन निर्माण स्थल से लोहे के प्लेट और केबल चोरी होने का मामला सामने आया है। निर्माणकर्ता ठेकेदार विभोर वर्मा ने थाना प्रभारी को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। ठेकेदार ने बताया कि निर्माण कार्य स्थल पर कालम के बास्कट की लोहे की दस प्लेट और 200 फीट लंबी ट्यूबवेल की केबल रखी हुई थी। जिसे बीती रात्रि किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया है। चोरी हुए सामान की कीमत लगभग 45 हजार रुपये आंकी गई है। संबंधित ने मामले में उचित कार्यवाही की मांग की है।

कई तरह के कैमिकल मिलाकर बनाई जाती है कच्ची शराब

## छिपाकर बेची जा रही अवैध कच्ची शराब को विभाग ने किया जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

कैमिकल सहित शरीर के लिए हानिकारक कई तरह के पदार्थों को मिलाकर बनाई जाने वाली कच्ची शराब के अवैध कारोबार पर पूरी तरह नकेल नहीं कस पा रही है। लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाली कारोबारी शहरी सहित ग्रामीण अंचलों में विभिन्न स्थानों पर छिपाकर एवं विभाग की आंख बचाकर कच्ची शराब बेचने के काम में लगे हैं।

अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने पुलिस सहित आबकारी विभाग द्वारा भी समय-समय पर कार्यवाहियां की जा रही हैं। इसी कड़ी में गत दिवस विभाग की टीम ने खिलचीपुर क्षेत्र के बघेला, सालरी, रुघनाथपुरा, सोमवारिया क्षेत्रों में गश्त के दौरान संदिग्ध स्थानों पर दबिश दी। इस दौरान अवैध शराब कारोबारियों द्वारा कहीं गड्डों में तो कहीं बड़ी थैलियों में छिपाकर कच्ची शराब बेचते पाई गई। सभी स्थानों से टीम ने कुल 60 लीटर कच्ची शराब जब्त की है। इसके साथ ही कुछ स्थानों से देशी शराब भी बरामद की गई। विभाग ने तीन प्रकरण दर्ज कर पूरा माल जब्ती में लिया है। जिला आबकारी अधिकारी रितेश लाल के निर्देशन में हुई उक्त कार्यवाही के दौरान राजगढ़ वृत्त प्रभारी संदीप लोहानी, सारंगपुर वृत्त प्रभारी सौरभ कनासे, उप-निरीक्षक दीपक राजपूत, अर्चना भंवारे, मोहन सिंह, गौरीशंकर विजयवर्गीय सहित अन्य उपस्थित रहे।

### आस्था के साथ गणेश विसर्जन संपन्न

**नरसिंहगढ़।** दस दिवसीय गणेशोत्सव का शनिवार को अनंत चतुर्दशी के अवसर पर समापन हुआ। श्रद्धा और उल्लास के साथ नागरिकों ने गणेश विसर्जन किया। सुबह से ही शुभ मुहूर्त में जगह-जगह से गणेश प्रतिमाओं की शोभायात्राएँ निकाली गईं। ढोल-ढमाकों, वश्र की धुनों और जयकारों के बीच श्रद्धालु गणपति बप्पा को विदा कर रहे थे। मुख्य रूप से बड़ा तालाब और छोटा तालाब ओर बांडा बेदरा तालाब पर विसर्जन की व्यवस्थाएँ की गई थीं। प्रशासन और नगर पालिका ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए। गोताखोरों व पुलिस बल की तैनाती के साथ ही स्वास्थ्य व सफाई दल मौजूद रहे। पूरे नगर में भक्ति और उत्साह का माहौल रहा। गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के नारों के साथ भक्तों ने विघ्नहर्ता को भावपूर्ण विदाई दी।

वन स्टॉप सेंटर द्वारा किया गया आयोजन

## गणेश पंडालों में दी महिलाओं व बच्चों के अधिकारों की जानकारी




**राजगढ़।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 2 सितंबर से 12 सितंबर तक दस दिवसीय 'हब फॉर एमपावरमेंट फॉर वूमेन' अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में विभाग की वन स्टॉप सेंटर ईकाई द्वारा विभिन्न गणेश पांडालों में पहुंचकर महिला हिंसा सहित बच्चों के अधिकारों आदि के बारे में उपस्थितजनों को जानकारी प्रदान की गई। वन स्टॉप सेंटर प्रशासिका रश्मि चैहान के निर्देशन में केस वर्कर गुंजा सक्सेना व टीम द्वारा कालाखेत में बड़ा हनुमान मंदिर, पुरानी कोतवाली के पास, राजमहल गणेश पांडाल, ड्योढ़ी शाला गणेश पांडालों में पहुंचकर महिलाओं को आपातकालीन नंबर 112, महिला हेल्प लाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एवं सायबर क्राइम सुरक्षा संबंधी हेल्पलाइन नंबर 1930 इत्यादि के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए इनका लाभ लेने का आगृह आमजनों से किया गया। इस दौरान प्रशासिका श्रीमती चौहान द्वारा जेंडर संवेदीकरण पर विस्तृत चर्चा करते हुए लिंग समानता के बारे में जानकारी देते हुए लिंग आधारित भेदभाव समाप्त करने का आगृह सभी से किया। उन्होंने कहा कि आपात स्थिति में महिलाओं, बालिकाओं, बच्चों का सभी को सहयोग करना चाहिए।

## धूमधाम से विसर्जन हुए गणपति बप्पा सारंगपुर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**सारंगपुर।** गणेश उत्सव के समापन अवसर पर शनिवार को नगर में गणपति बप्पा का विसर्जन धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ किया गया। नगर की विभिन्न गणेश मंडलियों एवं घर-घर से निकली शोभायात्राओं में श्रद्धालु झूमते-गाते, ढोल-ढमाकों और बैंड-बाजों की थाप पर गणपति बप्पा मोरया के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। नगर के प्रमुख मार्गों से होकर विसर्जन यात्रा निकाली गई। जगह-जगह गणेश प्रतिमाओं की आरती कर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा की। महिलाओं और बच्चों ने भी पारंपरिक परिधानों में भाग लेकर उत्सव का आनंद लिया। स्थानीय प्रशासन द्वारा सुरक्षा व व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। विसर्जन के लिए नगर परिषद द्वारा बनाए गए विशेष कुण्ड पर प्रतिमाओं का विधिवत विसर्जन किया गया। गणपति बप्पा के जयकारों से देर रात तक सारंगपुर का वातावरण भक्तिमय बना रहा।

## 18 वर्षीय युवक की नदी में डूबने से मौत



**नरसिंहगढ़।** शनिवार दोपहर एक हादसे में 18 वर्षीय युवक की नदी में डूबने से मौत हो गई। घटना ग्राम सांका जागीर (श्याम जी) की है। जानकारी के अनुसार ग्राम बरेला खेड़ा तहसील बैरसिया निवासी युवक जगदीश गुर्जर पिता चन्दर सिंह गुर्जर, उम्र 18 वर्ष अपने मामा हेमराज गुर्जर के यहां आया हुआ था। शनिवार दोपहर वह मंदिर के समीप बने ब्रिज के नीचे नदी में उतरा था, इसी दौरान गहरे पानी में जाने से उसकी डूबकर मौत हो गई। सूचना मिलते ही एसडीओपी और तहसीलदार मौके पर पहुंचे। शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल नरसिंहगढ़ भेजा गया। जहां पीएम उपरान्त शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है।

## विदिशा स्टेशन पर तबीयत बिगड़ी आजमगढ़ एक्सप्रेस में यात्री की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

मुंबई से आजमगढ़ जा रही आजमगढ़ एक्सप्रेस में एक यात्री की मौत हो गई। मृतक की पहचान बेगमपुर, उत्तरप्रदेश निवासी 35 वर्षीय रशीद अहमद के रूप में हुई है। शुक्रवार को जब ट्रेन विदिशा स्टेशन पहुंची, तब यात्री की तबीयत बिगड़ने की सूचना मिली। विदिशा जीआरपी थाना प्रभारी महेंद्र शाक्य के नेतृत्व में पुलिस टीम तुरंत प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर पहुंची। रशीद को बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के आधार कार्ड से पहचान कर परिजनों को सूचित कर दिया है।

## राज्यमंत्री टेटवाल के प्रयास से जनपद सारंगपुर को नवीन भवन की सौगात



हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

क्षेत्रवासियों के लिए खुशखबरी है। मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सारंगपुर जनपद पंचायत को नया भवन निर्माण की स्वीकृति मिल गई है। राज्य मंत्री गौतम टेटवाल के प्रयासों से लंबे समय से प्रतीक्षित जनपद पंचायत भवन के निर्माण हेतु शासन ने 525.67 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की है। जारी आदेशानुसार नवीन भवन का निर्माण ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग की देखरेख में होगा। यह कार्य तकनीकी मानकों और निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किया जाएगा। निर्माण हेतु आवश्यक भूमि उपलब्ध कराई जाएगी और कार्य स्थल का चयन शासन की सहमति से किया जाएगा। निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विभागीय अधिकारियों की नियमित निगरानी रहेगी। आदेश के अनुसार कार्य 2026 तक पूर्ण किया जाना अनिवार्य है। इस स्वीकृति से सारंगपुर जनपद पंचायत को आधुनिक भवन की सौगात मिलने जा रही है, जिससे स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और ग्रामीण जनता को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी। क्षेत्र में खुशी का माहौल है और सभी ने इसके लिए राज्य मंत्री गौतम टेटवाल का आभार व्यक्त किया है।

### अस्पताल में जिला स्तरीय कैंप 8 को

**विदिशा।** विश्व फिजियोथैरेपी दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय में 8 सितंबर सोमवार को जिला स्तरीय कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह कैंप राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा संचालित वृद्धजन स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम के अंतर्गत किया जाएगा। जिसमें 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों की स्क्रीनिंग उपचार एवं परामर्श चिकित्सा विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं फिजियोथैरेपी विशेषज्ञ द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर निशुल्क आभा आईडी बनाई जाएगी एवं फल वितरण किया जाएगा। जिला चिकित्सालय विदिशा में पदस्थ फिजियोथेरेपिस्ट डॉ राहुल मारोथिया एवं डॉ प्रियंका सिंह द्वारा मांसपेशियों एवं नर्व संबंधित समस्याओं का निराकरण फिजियोथैरेपी द्वारा किया जाएगा।

### पहले आओ पहले पाओ प्रक्रिया द्वारा सीधे प्रवेश

**विदिशा।** शासकीय आईटीआई विदिशा में पहले आओ पहले पाओ चरण मे सीधे प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ है। जिसमें प्रवेश की अंतिम तिथि 10 सितंबर है। शासकीय आईटीआई विदिशा में फिटर ट्रेड में 2 सीट (आईएमसघ), टर्नर ट्रेड में 12 सीट, कारपेंटर ट्रेड में 17 सीटें शेष बची हैं। आईटीआई में प्रवेश का यह अंतिम मौका है।

### नहीं आएगी कमी, जिले को 886 मैट्रिक टन डीएपी मिला

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के प्रयासों से जिले के किसानों को आवश्यकता के अनुसार खाद की आपूर्ति सुनिश्चित कराई जा रही है। जिला विपणन अधिकारी राखी रघुवंशी ने बताया कि एनएफएल डीएपी की एक रैंक प्राप्त हुई है। जिससे जिले को 886 मैट्रिक टन रासायनिक उर्वरक प्राप्त हुआ है। जिसका वितरण शासन की सतत निगरानी में किया जा रहा है तथा इसी प्रकार जिले में लगातार रैक लगने से उर्वरकों की पर्याप्त मात्रा प्राप्त हो रही है।

## सेवानिवृत शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान समारोह आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▶▶जीरापुर

शिक्षक दिवस के अवसर पर एडवांस्ड किड्स एकेडमी में लगातार सातवें वर्ष के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय समस्त सेवानिवृत शिक्षक शिक्षिकाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के मार्गदर्शक त्रिलोकचंद गुप्ता, विशिष्ट अतिथि विकासखंड शिक्षाधिकारी रामबाबू पाटीदार, ब्लॉक समन्वयक गजेंद्र शर्मा, संकुल प्राचार्य विनोद चौधरी, वरिष्ठ मोहनसिंह जमींदार, वरिष्ठ सेवानिवृत्त शिक्षक भैरवलाल गुप्ता, रामचंद्र वर्मा, भाजपा मण्डल अध्यक्ष लखन तोमर, सेवानिवृत्त प्रोफेसर रामबाबू गुप्ता भानपुरा, पेंशनर संघ महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष ज्योत्सना दांगी ने की। कार्यक्रम में विद्यालय के संगीत शिक्षक आलोक शर्मा व नृत्य शिक्षक अजय नागर के मार्गदर्शन में विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों ने बहुत ही सुंदर समूह गान व नृत्य की प्रस्तुति दी।

पेंशनर्स संघ अध्यक्ष मोहनलाल पुष्पद,संचालन सहयोगी शिक्षिका आराधना शर्मा, संचालन दिनेश जमींदार ने करते हुए बताया कि यह आयोजन विगत सात वर्षों से करके हम कृतार्थ है लगभग सभी सेवानिवृत्त शिक्षकों को उपहार भेंट करके विधालय परिवार धन्य हो रहा है यह सौभाग्य है कि गुरूओं का आशीर्वाद प्राप्त हुआ।

यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

# 28 सितंबर को जालपा धाम तक निकलेगी 1111 मीटर की चुनरी यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

हिन्दू चेतना मंच एवं विश्व हिन्दू परिषद के तत्वावधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी क्षेत्र के प्रसिद्ध शक्तिपीठ जालपा माता धाम तक 1111 मीटर चुनरी यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस साल यह यात्रा नवरात्रि के दौरान रविवार 28 सितंबर को निकाले जाने का निर्णय लिया गया है। यात्रा की तैयारियों को लेकर आयोजकों द्वारा गत दिवस बैठक का आयोजन किया गया। हिन्दू चेतना मंच अध्यक्ष बृजमोहन सरावत ने बताया कि चुनरी यात्रा सुबह 11 बजे राजगढ़ परिसर से पूजा-अर्चना उपरान्त आरंभ होगी। यात्रा में शामिल श्रृद्धालुओं की सुविधा के लिए राजगढ़ से मैया के दरबार तक संपूर्ण यात्रा मार्ग में कारपेट बिछवाने की व्यवस्था भी करवाई जा रही है। यात्रा से जुड़े विभिन्न कार्यों हेतु बैठक में समिति सदस्यों को अलग-अलग दायित्व भी सौंपे गए। इसके साथ ही सभी से कहा गया कि यात्रा का प्रचार-प्रसार अभी से आरंभ किया जाए ताकि आधिकाधिक श्रृद्धालु इस पुनीत कार्य में सहभागी बन सकें।

### हजारों श्रद्धालु होंगे यात्रा में शामिल

उल्लेखनीय है कि समिति द्वारा निकाली जाने वाली उक्त यात्रा में राजगढ़ नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के सैकड़ों लोग शामिल होकर माता की चुनरी अपने हाथों से थामकर माता के दरबार तक पहुंचते हैं। इस वर्ष भी इस यात्रा में हजारों श्रृद्धालु सम्मिलित होकर माता का आर्शिवाद प्राप्त करेंगे। आयोजित बैठक में विश्व हिन्दू परिषद अध्यक्ष तेजेंद्र उपाध्याय, मयंक जायसवाल, बृजकिशोर अनंत, दिलीप सौलंकी, चेतराम गुर्जर, संतोष राणा, प्रकाश तंवर, घोटू शर्मा, अक्षत दुबे, हेमराज तंवर, मनमोहन प्रजापति सहित अन्य उपस्थित थे।

## शिक्षक दिवस की गाथा गड़ने का जज्बा शिष्यों के साथ-साथ इष्ट मित्रों ने भी निभाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶छापीहेड़ा



गुरु की गाथा सार्थक रूप से शिष्य समझता है परंतु जो मुकाम गुरु की पदवी का होता है उसकी परिभाषा परंपरागत रूप से शिष्य ही समझता है। संस्कृत में गुरु के लिए चेला शब्द श्रद्धेय शब्द है जो छात्र के लिए होता है जो हर मुकाम पर सेवा के रूप में सरोकार रहता है। गुरु एक अपनी जीवन शैली में परामर्शदाता के रूप में सेवा करता है सार्थक रूप से शिष्य के जीवन मूल्यों को सही दिशाओं में ढालने में पालक की तरह मदद करता है अनुभवात्मक ज्ञान को बड़ी सरलता के साथ उतना ही साझा करता है जितना कि शाब्दिक ज्ञान जीवन में एक अनुकरणीय बनकर हर एक पायदान पर प्रेरणादायक स्त्रोत बनकर जीवन जीने की राह में उभरता है और जो एक छात्र के आध्यात्मिक विकास में सार्थक रूप से काम आता है आज रिटायर्ड शिक्षक महेश गुप्ता शिक्षक राजेंद्र सिंह चौहान सुनील टॉक सुरेश शर्मा मुकेश चौधरी, पुरुषोत्तम गुप्ता सभी ने मिलकर शिक्षक दिवस के इस पावन अवसर पर पुष्पमाला के साथ सम्मान किया। वहीं इष्ट मित्र भी एक दूसरे के लिए अनुकरणीय बनकर हर समय में काम आते हैं इसी कड़ी को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया।

## खबर संक्षेप

### दुधारू पशु की तालाब में डूबने से हुई मौत



**खाचरोद।** सिद्धि गंज थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम जसुपूरा में नोमान खा पिता मेहताब खा निवासी जसुपुरा की दुधारू भैंस की तालाब में डूबने से मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार नोमान खा पिता मेहताब खा अपनी भैंस को चराने जंगल ले गया था। इस दौरान वह पानी पिलाने भैंस को मनी रामपुरा तालाब ले गया था। भैंस पानी पीने के दौरान अधिक गहरे पानी में चली गई जिससे उसकी मृत्यु हो गई दुधारू भैंस मुर्रा जिसकी कीमत लगभग 85000 रुपए थी। ग्राम के सरपंच डॉक्टर इदरीश खान ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा बनाया। पीड़ित को शासन से उचित राहत राशि देने की मांग की।

### ईद मिलादुन्नबी पर मरीजों को बांटे फल



**आष्टा।** ईद मिलाद उन नबी के मौके पर सिविल अस्पताल में भर्ती मरीजों के बीच शेख आरिफ पहुंचे। उन्होंने मरीजों को फल वितरित किए। शेख आरिफ ने कहा, मानव सेवा सबसे बड़ी सेवा है। बीमार, लाचार और मजबूर लोगों की मदद बिना दिखावे के करनी चाहिए। दुख की घड़ी में उनके साथ खड़ा होना चाहिए। फल वितरण फ्रेंड्स क्लब और मिलाद उन नबी के अध्यक्ष शेख आरिफ ने किया। इस मौके पर हाशिम भाई, अरशान, यासीन, समीर, जीमल, जीशान, अरबाज, ऋतिक, रिजवान, रेहान और समीर सहित बड़ी संख्या में नौजवान मौजूद रहे।

### ग्राम बमुलिया में निकाली गणपति बप्पा की मनमोहन झांकी



**जावर।** आनंत चतुर्दशी के दुसरे दिन भी नगर व गांव में निकाली गई गणपति बप्पा की मनमोहक झांकियां जावर, बमुलिया रायमल, कजलास, वाह आसपास पूरे तहसील क्षेत्र में अनंत चतुर्दशी के दुसरे दिन भी निकाला धूमधाम से जुलूस। गणपति बप्पा को विदाई देने के लिए नगर के साथ ही आसपास ग्रामीण क्षेत्रों से भारी संख्या में श्रद्धालु जन उपस्थित रहे चल समारोह में समितियों के युवक ढोल की धुन पर नाच गाकर चल रहे थे।

### आष्टा और कोठरी में अनंत चतुर्दशी चल समारोह का कारवां रात भर निकला, सुबह 8:30 बजे जुलूस हुआ खत्म

# निकाले गए चल समारोह में उत्कृष्ट झांकियां व अखाड़ों को विधायक और नगर पालिका ने किया सम्मानित





**अनंत चतुर्दशी महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया, चलित झांकियां, डीजे पर जमकर नाचे भक्त, अखाड़ों ने दिखाए हैरतअंगेज कारनामे।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



शनिवार की देर रात अनंत चतुर्दशी का चल समारोह शहर के बस स्टैंड से शुरू हुआ जो की प्रमुख मार्गो से निकला झांकियां को निहार ने शहर के साथ-साथ ग्रामीण अंचल से भी लोग पहुंचे थे श्रेष्ठ झांकियां को विभिन्न मंडलों ने सम्मानित भी किया इस बार सबसे श्रेष्ठ झांकी नवरत्न गजानन मंडल की रही। बता दे की हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अनंत चतुर्दशी पर विशाल झांकियां का कारवां रात भर निकलता रहा चल समारोह रात 9 बजे पुराना भोपाल इंदौर मार्ग बस स्टैंड से शुरू हुआ जो की परदेसीपुरा बुधवार होते हुए प्रमुख मार्ग से निकला सुबह 8:30 बजे तक चल समारोह निकलता रहा।

### अनेक मंचों से पुरस्कार वितरण

अनंत चतुर्दशी के चल समारोह में श्रेष्ठ झांकियां को नगर पालिका के मंच से सम्मानित किया गया साथ ही स्वर्गीय बेला भट्ट के मंच से हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष कालू भट्ट ने भी श्रेष्ठ झांकियां को सम्मानित किया गया साथ ही परमार युवा मंच के साथ-साथ अनेक चौराहा पर स्थित सामाजिक संगठनों के मंच से श्रेष्ठ झांकियां के प्रदर्शन करने वाले कलाकारों को सम्मानित किया गया। हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष कालू भट्ट ने बताया है कि इस बार भी चल समारोह में 8-10 के करीब झांकियां शामिल थी।

# सनातन धर्म को आगे बढ़ाने के लिए इस तरह के आयोजन आवश्यक हैं: गोपाल इंजीनियर





हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी

नगर में यूं तो हर पर्व बड़े ही धूमधाम तथा सौहार्द के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष भी कोठरी तथा आसपास के गांवों के लोगों ने हजारों की संख्या में पहुंच कर नगर में मनाए जाने वाले प्रसिद्ध अनंत चतुर्दशी का पर्व को बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ मनाया। अनंत चतुर्दशी में सर्वप्रथम गणेश पांडालों में सुबह से यज्ञ और पूजा पाठ करने के बाद नगर के पंचमुखी हनुमान मंदिर से चल समारोह प्रारंभ हुआ। माता मंदिर, पठार, कोठरी द्वारा नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा अखाड़े व झांकियां का सम्मान किया गया।

भगवान की आरती और भव्य जुलूस के साथ चलित ट्रैक्टर ट्राली पर झांकी, ढोल की थाप पर ग्रामीणों ने नृत्य किया। आष्टा विधानसभा के विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने संबोधित करते हुए कहा कि सनातन धर्म को आगे बढ़ाने के लिए इस तरह के आयोजन आवश्यक हैं। नगर के प्रसिद्ध मंडलों द्वारा चलित झांकियों का प्रदर्शन किया। विशेष रूप से आपरेशन सिंदूर की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। नगर के प्रसिद्ध अखाड़े भी पूरे जोश व दमखम दिखाते हुए अलग-अलग प्रकार के हैरतअंगेज करतब द्वारा दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। उस्तादों के




करतब ने दर्शकों को दांतो तले उंगली दबाने पर मजबूर कर दिया। श्री गणेश उत्सव सांस्कृतिक समिति बस स्टैंड कोठरी द्वारा प्रत्यक्ष रूप से इस त्योहार में सहयोग करने वाले सभी जनों जैसे झांकिया, मंच, अखाड़ों, ढोल, के अध्यक्षों का साफा बांधकर स्वागत किया गया। कोठरी का अनंत चतुर्दशी का पर्व नगर में ही नहीं अपितु आसपास के क्षेत्र में भी प्रसिद्ध है। श्री गणेश उत्सव सांस्कृतिक समिति विगत कई दशकों से मंच बनाकर अनंत चतुर्दशी का पर्व एवं गणेश जी का पंडाल सजाकर सनातन धर्म को आगे बढ़ा रहे हैं। लोग पर्व पर निकलने वाले जुलूस मैं बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते रहते हैं। डोलग्यारास उत्सव प्रकृति संरक्षण दिवस के रूप में मनाया गया।

### विधायक ने कोठरी को दी सौगात, स्टेडियम गोशाला आदि का होगा निर्माण

दशहरे उत्सव समिति के मंच बस स्टैंड कोठरी पर विधायक पहुंचे जहां युवाओं की मांग थी कि कोठरी में आए दिन गोवंश के कारण हाथ से होते हैं एवं किसानों की फैसले भी चौपट कर देते हैं जिसको लेकर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने कहा कि जल्द ही नगर परिषद में प्रस्ताव पारित कर गौशाला का भूमि पूजन किया जाएगा वहीं कोटरी के अखाड़े भी हाईटेक होंगे, खिलाड़ियों की सुविधा के लिए एक ऐसा स्टेडियम बनाया जाएगा जिसमें सभी सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। अनंत चतुर्दशी के पर्व पर इंदौर भोपाल राजमार्ग पर भारी जाम की स्थिति निर्मित हो गई भारी मशक्कत के बाद पुलिस द्वारा जाम खुलवाया गया।

### क्षेत्र के जनप्रतिनिधि रहे उपस्थित

अनंत चतुर्दशी के पर्व पर आष्टा विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, पूर्व विधायक रघुनाथ सिंह मालवीय, पूर्व इछावर विधायक शैलेंद्र पटेल, नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि राधेश्याम दलपति, नगर अध्यक्ष रुपेश पटेल, भाजपा कोठारी मंडल अध्यक्ष देव जी पटेल ,पूर्व पार्षद लखन वर्मा, पार्षद प्रतिनिधि जितेंद्र आजाद, पार्षद प्रतिनिधि मुकेश भिंडी, पार्षद प्रतिनिधि दिनेश चौधरी, पार्षद प्रतिनिधि शिशुपाल नगर के गणमान्य नागरिक जनप्रतिनिधि एवं आसपास के ग्राम एवं नगर के नागरिक भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# महिला से पैसे छीनने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

नसीराबाद रोड पर कीटनाशक की दुकान एसकेएम एग्रो माल पर काउंटर पर महिला बैठी हुई थी तभी एक अज्ञात युवक आया उसने पैसे खुले करने के नाम पर महिला से 500 नोट के नोट की गड्डी हाथ में ले ली और -500 के 24 नोट झपटकर भाग गया यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई दुकानदार ने पुलिस को सूचना दी पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एवं एस डीओ पी सोहागपुर के मार्गदर्शन में टीम का गठन किया गया और तुरंत आसपास के थानों को सूचना दी गई सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी को पिपरिया से



गिरफ्तार किया आरोपी के पास से रू 6000 बरामद किए हैं बाकी के पैसे उसके साथ में एक युवक और था उसके पास होना बताया है। माखन नगर थाना प्रभारी ने बताया आरोपी को पिपरिया से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी मेहंदी हसन निवासी कामीना बड़ी ठाणे मुंबई हाल मुकाम पिपरिया ने घटना के संबंध में पूछताछ में बताया कि मेरे साथ नर्मदा पुरम निवासी बोलू उर्फ जाहिद ईरानी भी इस घटना में साथ मैं था माखन नगर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायालय पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया इस घटना के अंजाम देने वाले आरोपी को चंद घंटे में ही पकड़ने वाले पुलिस दल में थाना प्रभारी माखन नगर मदनलाल पवार गिरीश त्रिपाठी थाना प्रभारी पिपरिया आदित्य सेन थाना प्रभारी स्टेशन रोड थाना पिपरिया एस आई अशोक बरबड़े सहायक उप निरीक्षक वीरेंद्र शुक्ला प्रधान आरक्षक अजय रघुवंशी आरक्षक सुनील उमरिया अर्जुन विश्वकर्मा साहब राव दुर्गेश गजेंद्र प्राइवेट चालक सौरव बंसल एवं आरक्षक नरेश मलिक की विशेष भूमिका रही।

# पपनास नदी में बालक की तलाश में चल रहा रेस्क्यू ऑपरेशन, परिजनों से मिले विधायक



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

गणेश विसर्जन के दौरान ग्राम पंचायत हर्राजखेड़ी में एक मासूम बालक का पैर फिसल गया और वो पपनास नदी के गहरे पानी मे चला गया । घटना के बाद से ही उक्त बालक की खोज की जा रही है । घटना की सूचना के बाद पुलिस प्रशासन के अधिकारी आष्टा से पहुचे। सूचना पर जिले से एसडीआरएफ का दल भी मौके पर पहुचा ओर बालक को खोजने का अभियान शुरू किया। रविवार को विधायक गोपालसिंह इंजीनियर हर्राजखेडी घटना स्थल पपनास नदी पर पहुंचे। दुखी पिता राजेन्द्र मालवीय से मिले, घटना की जानकारी ली और बालक बंटी मालवीय उम्र लगभग 10 से 12 साल की खोज में लगी टीम के प्रमुख व स्थानीय अधिकारियों से जानकारी ली। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने घटनास्थल से उच्च अधिकारियों से चर्चा कर एक ओर टीम व स्थानीय गोताखोरो की टीम भेजने को कहा, ताकि जल्दी से जल्दी बच्चे को ढूंढा जा सके। विधायक ने बालक के परिजनों से भी मुलाकात कर चर्चा की, भरोसा दिया की खोज कार्य मे ओर तेजी लाई जायेगी ताकि डूबे बालक को खोजा जा सके। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने बालक के पिता राजेन्द्र मालवीय से कहा आप धैर्य रखें, दुख की इस विकट घड़ी में आपका विधायक आपके साथ खड़ा है। बालक को खोजने में जो भी ज्यादा से ज्यादा प्रयास हो सकते है, सब करेंगे। इस दौरान एसडीएम नितिन टाले, सतीश सोनानिया भी साथ थे।

### विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति, दुर्गा वाहिनी पहुंची पार्वती तट पर

# महिलाओं ने पार्वती नदी की विधि-विधान से की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति, दुर्गा वाहिनी द्वारा मध्य भारत प्रांत में प्रत्येक प्रखंड द्वारा पूजनीय नदियों पर तट पूजा की जा रही हैं। रविवार को आष्टा प्रखंड में विश्व हिंदू परिषद मातृशस्त्र दुर्गा वाहिनी बड़ी संख्या में पार्वती नदी के टट पर पहुंची। जहां पर सभी महिलाओं ने मिलकर मां पार्वती तट पर विधि-विधान से तट पूजा की गई।

मातृ शक्ति प्रखंड संयोजीका आशा गिरी, नगर संयोजिका माया तोमर, दुर्गा वाहिनी नगर संयोजिका रामसभा परमार, मंजू भूतिया, मंजू यादव, रेखा वर्मा, रीना विश्वकर्मा, संगीता बागवान, मधुबाला पाठक, सुमन महेश्वरी, शारदा प्रजापति, रेखा महेश्वरी और अन्य मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी उपस्थित रही।

